**एल्युमिनाई एसोसिएशन, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर की दिनांक 13.05.2022 को आयोजित एल्युमिनाई मीट एवं 8वीं वार्षिक आम सभा का कार्यवृत्त।**

दिनांक 13–05–2022 को कृषि विश्वविद्यालय कानपुर की एल्युमिनाई एसोसियेशन द्वारा कैलाश भवन में एल्युमिनाई मीट 2022 एवं 8वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एल्युमिनाई एसोसिएशन कार्यकारणी परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री सूर्य प्रताप शाही जी, कार्यक्रम के अध्यक्ष मा0 कुलपति डा0 डी0 आर0 सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा 'दीप प्रज्जवलन' के साथ हुआ। इस अवसर पर एक दो दिवसीय संगोष्ठी 'प्राकृतिक खेती' पर आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने कहा कि सी.एस.ए. देश के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक है। इस विश्वविद्यालय के गौरव में पुरातन छात्रों की भूमिका अहम है तथा उन्होनें कृषि के क्षेत्र में देश एवं विदेश में सराहनीय कार्य किये हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 डी0आर0 सिंह ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय ने वर्ष 2020–21 से प्राकृतिक खेती पर कार्य शुरू कर दिया है। जिसके परिणाम काफी उत्साहजनक आये हैं। डा0 सत्येन्द्र कुमार सिंह, अध्यक्ष, एल्युमिनाई एसोसियेशन ने एसोसियेशन के विज़न एवं मिशन के बारे में बताया। डा0 मुनीश कुमार, महासचिव द्वारा एल्युमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों व सम्मानित आजीवन सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों एवं एल्युमिनाई एसोसियेशन के आजीवन सदस्यों को भी कृषि के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् पूर्व में आयोजित कार्य परिषद की बैठकों एवं दिनांक 29.02.2020 को आयोजित 7वीं वार्षिक आमसभा के कार्यवृत्त एवं **Action Taken Report** से अवगत कराया जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। डा0 मुनीश कुमार, महासचिव द्वारा 8वीं आमसभा के विचार एवं चर्चा हेतु निम्न एजेन्डा प्रस्तुत किये जिसपर सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये–

1. गत वर्षों में एल्युमिनाई एसोसियेशन द्वारा व्यय किये गये धनराशि का लेखा–जोखा व सी0ए0 द्वारा आडिट रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण एल्युमिनाई एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया, जिसको विचार–विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

2. एल्युमिनाई एसोसियेशन की नई कार्यकारिणी के गठन के सम्बन्ध में महासिचव एल्युमिनाई एसोसियेशन द्वारा अवगत कराया गया कि 7वीं वार्षिक आमसभा में एसोसिएशन की कार्य परिषद के गठन हेतु डा0 यू0 डी0 अवस्थी, सहायक प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर को चुनाव अधिकारी एवं डा0 अजीत प्रताप सिंह, जैन इरीगेशन कानपुर को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव प्रक्रिया हेतु 10.02.2021 को चुनाव अधिसूचना जारी की गयी थी। जिसका परिणाम दिनॉक 20 मार्च, 2021 को जारी किया गया था, जिसमें 13 पदाधिकारियों के स्थान पर केवल 04 पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किये गये थे। जो एल्युमिनाई एसोसियेशन की कार्यकारिणी के कोरम को पूरा न करने के कारण एल्युमिनाई एसोसियेशन के महासचिव द्वारा 24.08.2021 को पुनः शेष 09 पदों पर नियमानुसार चुनाव कराकर निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया परन्तु चुनाव अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिसपर कार्यकारिणी की परिषद बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त प्रकरण आगामी वार्षिक आमसभा में प्रस्तुत कर उचित निर्णय लिया जाये। उक्त के क्रम में महासचिव द्वारा प्रस्ताव 8वीं वार्षिक आमसभा में प्रस्तुत किया गया। जिसपर विस्तृत चर्चा के उपरान्त पूर्व में कराये गये चुनाव प्रक्रिया को निरस्त करते हुए पुनः चुनाव अधिकारी नियुक्त कर एल्युमिनाई एसोसियेशन के कार्यकारिणी के गठन हेतु एसोसियेशन के **Byelaws** के अनुसार चुनाव कराने का सर्व सम्मपति से निर्णय लिया गया।

19/5/2022

3. महासचिव द्वारा एल्युमिनाई एसोसियेशन के कार्य परिषद (Executive Council) के गठन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसपर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये—

- डा0 धर्मराज सिंह, प्राध्यापक एवं अधिष्ठाता, कृषि संकाय — चुनाव अधिकारी
- डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि सरंक्षण एवं जल प्रबंधन विभाग — सहायक चुनाव अधिकारी
- डा0 राम सिंह, सहायक प्राध्यापक, कीट विज्ञान विभाग — सहायक चुनाव अधिकारी नामित किये गये।

4. महासचिव द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 विद्वत परिषद की 171वीं बैठक दिनॉक 04 सितम्बर, 2021 के मद संख्या—11 पर प्रस्तुत प्रस्ताव के क्रम में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को एल्यूमिनाई एसोसिएशन की सदस्यता लेना अनिवार्य है, जिसके लिये रु0 500/— मात्र का शुल्क निर्धारित किया गया है। उक्त निर्णय के क्रम में एल्यूमिनाई एसोसिएशन के नये आजीवन सदस्य 778 पंजीकृत हुये। जिसपर एल्यूमिनाई एसोसिएशन की 8वी AGM में कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों द्वारा मा0 कुलपति महोदय का आभार व्यक्त किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में छात्र/छात्राओं द्वारा आजीवन सदस्य के रूप में पंजीकृत हेतु रु0 1000/— (रु0 एक हजार) मात्र का शुल्क निर्धारित किया गया। जिसपर सभी ने सहमति व्यक्त की।

5. विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के द्वारा विद्यार्थियों के प्लेसमेन्ट में योगदान पर चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि पूर्व छात्र जो देश—विदेश में विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत् हैं, को समय—समय पर विश्वविद्यालय में आमंत्रित कर छात्रों के साथ चर्चा की जाये। जिससे रोजगार के नये अवसर व Entreprenurship क्षमता का विकास हो सके।

6. इस अवसर पर एल्युमिनाई एसोसिएशन के आजीवन सदस्यों द्वारा विभिन्न विचार रखे गये जिसमें विचार—विमर्श के उपरान्त निम्न निर्णय लिये गये—

- एल्युमिनाई एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता लेने हेतु *आनलाइन रजिस्ट्रेशन* हेतु व्यवस्था की जाये।
- एल्युमिनाई मीट एवं AGM के साथ—साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं प्रयोगशालाओं में भ्रमण व छात्र/छात्राओं से संवाद के लिये अलग से सत्र रखा जाये।
- इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डा0 राजेश चौहान, पूर्व अधिष्ठाता कृषि (RSM PG College, Dhampur) रोहित खंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा डा0 एन0एस0 कुशवाहा, पूर्व अधिष्ठाता कृषि संकाय के नाम पर फेलोशिप देने की घोषणा की।

अन्त में वार्षिक आम सभा की बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुयी।

| | |
|---|---|
| (सत्येन्द्र कुमार सिंह) | 19/5/2022 |
| अध्यक्ष | (मुनीश कुमार) |
| President | महासचिव |
| Alumni Association | General Secretary |
| CSAU&T, Kanpur | Alumni Association |
| | CSAUA&T, Kanpur |